प्रेषकः

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मैनपुरी।

सेवा में,

माननीय ओ0एस0डी0 (कम्प्यूटर),
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मैनपुरी।

पत्र संख्याः 1019/जि0वि0से0प्रा0–2026 दिनांकः 19 सितम्बर,2026

**विषयः– जनपद मैनपुरी में स्थाई लोक अदालत हेतु पेशकार, आशुलिपिक व चपरासी पद पर आवेदन–पत्र के सम्बन्ध में।**

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि जनपद मैनपुरी में स्थाई लोक अदालत हेतु पेशकार, आशुलिपिक व चपरासी पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, जिसके सम्बन्ध में इस कार्यालय द्वारा आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांकः 31.08.2026 सुनिश्चित की गयी थी, परन्तु उक्त पदों में केवल पेशकार पद हेतु 01 आवेदन प्राप्त होने के कारण तथा अन्य किसी पद में आवेदन प्राप्त न होने के कारण आवेदन की अन्तिम तिथि 22.09.2026 निश्चित की गयी है। स्थाई लोक अदालत के पेशकार, आशुलिपिक व चपरासी के पद का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने हेतु माननीय उच्च न्यायालय की वेवसाइट में अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः माननीय महोदय से अनुरोध है कि जनपद में संलग्न विज्ञापन को माननीय उच्च न्यायालय के वेवसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

सादर।

Nutan S. Chauhan
19/9/26

(नूतन चौहान)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मैनपुरी।

अग्रसारित

Ruby ar Rajan 19.09.26
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मैनपुरी

# <u>कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मैनपुरी।</u>

## <u>विज्ञप्ति</u>

आपको अवगत कराना है कि उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मैनपुरी में स्थायी लोक अदालत के कर्मचारियों की नियुक्ति प्रस्तावित है, जिसमें जिला न्यायालय/कलेक्ट्रेट के सेवा निवृत्त कर्मचारी अपना पूर्ण विवरण देते हुए लिखित रूप से आवेदन कर सकते है, चूंकि आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांकः 31.08.2026 थी, परन्तु उक्त पदों में केवल पेशकार पद हेतु मात्र 01 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है, अन्य पदों हेतु कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही हुआ है, जिस कारण आवेदन की तिथि **दिनांकः 22.09.2026** तक बढा दी गयी है, जिसमें रिक्तियों की संख्या इस प्रकार है——

| **क्र0सं0** | **पदनाम** | **जनपद मैनपुरी हेतु पद** |
|---|---|---|
| 1. | आशुलिपिक | 01 |
| 2. | पेशकार | 01 |
| 3. | चपरासी | 01 |

उक्त के सम्बन्ध में आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांकः **22.09.2026** सुनिश्चित की गयी है, अतः आवेदक अपना आवेदन पत्र दिनांकः 22.09.2026 तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मैनपुरी में प्राप्त करा सकते है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 22.09.2026 के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेवसाइट—allahabadhighcourt.in जिला न्यायालय मैनपुरी की बेवसाइट—districts.ecourts.gov.in व जनपद मैनपुरी की बेवसाइट—mainpuri.nic.in से अपलोड कर सकते है।

(नूतन चौहान)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मैनपुरी।